

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

अनमोल वचन

"जीवन में कोई न कोई रिस्क जरूर लें। क्योंकि अक्सर वो रिस्क लेने वाला ही होता है, जो इतिहास के पन्नों को बदल कर रख देता है।" – मुकेश अम्बानी

सोमवार 29 जून 2026 वर्ष 02 अंक 169 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बिहार में हर माह के अंतिम रविवार को मनाया जाएगा पंचायत विकास दिवस : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत टेटिया ग्राम पंचायत से राज्यव्यापी श्पंचायत विकास दिवसश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश का प्रसारण भी सुना। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूरे बिहार में श्पंचायत विकास दिवसश आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पंचायतों के समग्र विकास को गति देना, जनभ. ागीदारी बढ़ाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचायत विकास दिवस के प्रत्येक आयोजन की अलग–अलग थीम होगी, जिसके माध्यम से पंचायतों से जुड़े विभिन्न विकासात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पहले आयोजन की थीम श्महिला हितैषी पंचायतश रखी गई है, जिसके अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता पर विशेष






जोर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर योजनाओं की नियमित समीक्षा, जनसमस्याओं का समाधान तथा विकास कार्यों में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सांसदों, विधायकों, जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, मुखियाओं, सरपंचों, वार्ड सदस्यों एवं पंचों सहित सभी जनप्रतिनिधियों से ग्राम सभाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सशक्त होने से ही ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी और राज्य के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## पटना साइंस कॉलेज में बनेगी यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना साइंस कॉलेज का निरीक्षण कर परिसर का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए तथा संस्थान को आधु. निक सुविधाओं से सुसज्जित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य बिहार को विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साइंस कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसे विज्ञान शिक्षा, अनुसंधान तथा नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि यह संस्थान अपना ऐतिहासिक गौरव पुनः प्राप्त कर सके।उ. न्होंने बताया कि प्रस्तावित यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज भौतिकी एवं अन्य विज्ञान विषयों में उच्चस्तरीय शिक्षा, अत्याधुनिक शोध और नवाचार का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का केंद्र बनेगी। इससे बिहार के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए, ताकि बिहार में विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान को नई गति मिल सके।

## नालंदा पुलिस ने किया मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार हथियार तस्कर गिरफ्तार


### गुप्त सूचना पर परवलपुर पुलिस की कार्रवाई, बड़ी मात्रा में अर्द्धनिर्मित देशी कट्टे और हथियार बनाने के उपकरण बरामद

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट परवलपुर (नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए परवलपुर थाना क्षेत्र में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में अर्द्धनिर्मित देशी कट्टे, हथियार बनाने के उपकरण एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनका पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस के अनुसार परवलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार को कई दिनों से गुप्त सूचना मिल रही थी कि थाना क्षेत्र के मौआ गांव एवं कटहरी बीघा के बीच स्थित खंधा में अवैध रूप से देशी कट्टों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर लगातार आसूचना संकलन एवं सत्यापन किया गया। सूचना सही पाए जाने के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई में शिशुपाल मिस्त्री (54 वर्ष), पप्पू कुमार (26 वर्ष), सुधीर विश्वकर्मा (44 वर्ष) तथा राजदेव यादव (58 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित नालंदा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार आरोपितों का पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।



छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा, नौ अर्द्धनिर्मित पिस्तौल बॉडी एवं बट, नौ अर्द्धनिर्मित बैरल, नौ फायरिंग स्ट्राइकर एवं ट्रिगर, ट्रिगर का निचला हिस्सा (घोड़ी), नौ बैरल लॉक पिन (सिटकिल्ली), बॉडी निर्माण के लिए लोहे के दो फार्मे, लोहे की ड्रिलिंग करने वाला हैंडल, एक ग्लैमर मोटरसाइकिल तथा हथियार निर्माण में प्रयुक्त अन्य उपकरण बरामद किए। इस संबंध में परवलपुर थाना कांड संख्या–109/26, दिनांक 28 जून 2026 दर्ज करते हुए आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है तथा इस अवैध हथियार निर्माण गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है।इस कार्रवाई का नेतृत्व परवलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने किया। छापेमारी दल में सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक अवर निरीक्षक विपिन पाल तथा परवलपुर थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। नालंदा पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार निर्माण, तस्करी और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एआई युग की चुनौतियों के बीच भारतीय ज्ञान परंपरा को नई दिशा दे रही है नालंदा विश्वविद्यालय की शास्त्रार्थ पहल



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोट राजगीर(नालंदा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में रविवार को नालंदा विश्वविद्यालय की सराहना की। कहा कि आज जब विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) जैसे नई तकनीकों और तीव्र नवाचारों के युग से गुजर रहा है तब यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि मानव की रचनात्मकता सुरक्षित रहे तथा समाज अपनी सांस्कृतिक और बौद्धिक जड़ों से जुड़ा रहे। इन महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर खोजने का सार्थक प्रयास नालंदा विश्वविद्यालय कर रहा है। हजारों वर्षों पुरानी नालंदा की ज्ञान परंपरा आज नए स्वरूप में भारत के भविष्य को दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने स्मरण किया कि दो वर्ष पूर्व उन्हें नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ था। विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्जीवित की गई शास्त्रार्थ परंपरा की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शास्त्रार्थ केवल अपने विचार प्रस्तुत करने का माध्यम नहीं है। ये वाद संवाद और मंथन की एक अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें तर्क के साथ तथ्य के साथ अपनी बात कहना बहुत ज़रूरी होता है। उसमें आपकी महारत होनी चाहिए। दूसरों के विचारों को धैर्य से सुनने और समझने की सीख भी इस शास्त्रार्थ की प्रक्रिया से मिलती है। नालंदा विश्वविद्यालय ने इस प्राचीन भारतीय बौद्धिक परंपरा को अपने दीक्षांत समारोह का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया है। इस अवसर पर पारिस्थितिकी, सतत विकास और प्रौद्योगिकी सहित 25 विभिन्न विषयों पर गहन शास्त्रार्थ एवं विचार–विमर्श आयोजित किए गए, जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें लगभग आधे से अधिक प्रतिभागी यहां अध्ययनरत विभिन्न देशों से आए हुए छात्र थे, जो नालंदा विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा और उसके अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि नालंदा विश्वविद्यालय ने इसे अपने दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनाया। इसमें भाग लेने वाले करीब आधे स्टूडेंट्स अन्य देशों से आए थे। एक प्राचीन परंपरा को आज के समय से जोड़ने का ये प्रयास बहुत सराहनीय है। उन्होंने देश के अन्य विश्वविद्यालयों से भी आह्वान किया कि वे नालंदा विश्वविद्यालय की इस पहल पर विचार करें। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त विचारों के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना हमारे लिए प्रेरणादायक एवं गौरव का विषय है। उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान तथा उसके वैश्विक स्वरूप को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शास्त्रार्थ जैसी भारतीय बौद्धिक परंपराओं को अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर हम नालंदा के ज्ञान, संवाद और सह–अस्तित्व की उस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसने सदियों तक समस्त एशिया को दिशा दी।




# शराबबंदी और नशा मुक्ति को लेकर निकली जागरूकता रैली, लोगों को दिलाई नशामुक्त समाज बनाने की शपथ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मद्य निषेध विभाग, नालंदा एवं भारत स्काउट और गाइड, नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिले में शराबबंदी एवं नशा मुक्ति के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य प्रभात फेरी एवं जन–जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह 7 बजे किया गया। रैली में मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट–गाइड, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ष्नशा छोड़ो, जीवन जोड़ोष, शराब से दूरी, परिवार में खुशहाली तथा नशा मुक्त बिहार, स्वस्थ बिहार जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मद्य निषेध अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है, जो धीरे–धीरे परिवार और समाज दोनों को खोखला कर देता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सुखी जीवन अपनाने की अपील की। मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक नीतीश कुमार ने कहा कि युवाओं का दायित्व है कि वे नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करें, ताकि परिवारों और समाज का कल्याण सुनिश्चित हो सके। रैली शहर के विभिन्न




प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों को बिहार सरकार की शराबबंदी नीति तथा नशामुक्त समाज के महत्व की जानकारी दी गई। भारत स्काउट और गाइड, नालंदा के कोषाध्यक्ष महेश कुमार ने लोगों से शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक मुन्ना कुमार एवं पुष्पा कुमारी ने सभी नागरिकों से बिहार सरकार के मद्य निषेध अभियान को सफल बनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मद्य निषेध विभाग की ओर से अनिल कुमार शाह, मनोज कुमार, सुभाष कुमार और जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। वहीं भारत स्काउट और गाइड की ओर से राजीव नंदन कुमार, समीर कुमार, शशि पाल कुमार, रामाधीन प्रसाद, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, अमन कुमार, बादल, गाइड कैप्टन प्रीति सुमन, स्काउट–गाइड धनंजय कुमार, अंकित कुमार, सूरज कुमार, सोनी कुमारी एवं निशु कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्काउट–गाइड के सदस्य एवं स्वयंसेवक शामिल हुए।




# नालंदा की सभी पंचायतों में धूमधाम से मनाया गया पंचायत विकास दिवस, महिला सशक्तिकरण पर रहा विशेष जोर



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले पंचायत विकास दिवस का आयोजन रविवार को नालंदा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस माह की थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत रही, जिसके तहत महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता पर विशेष चर्चा की गई। जिले के हिलसा प्रखंड स्थित जूनियर पंचायत भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य विभाग के सचिव सह नालंदा के प्रभारी सचिव कुमार रवि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और राज्य सरकार का लक्ष्य उन्हें अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जनकल्याणकारी बनाना है, ताकि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना, आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान जिले की सभी पंचायतों में मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्रामसभा के सदस्य, युवाओं एवं जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई।महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम के तहत महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने तथा जीविका दीदियों को स्वरोजगार, गौ–पालन एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रभारी एवं वरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। इस दौरान सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं, सोलर लाइट योजना एवं विकसित भारत जी–राम–जी अभियान सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य शासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले की सभी पंचायतों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ है तथा महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी (हिलसा), जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा असोसिएशन की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** नालंदा जिले के रहुई प्रखंड अंतर्गत समाबाद गांव में रविवार को ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा असोसिएशन के बैनर तले एक बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने, आपसी एकता बढ़ाने तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समाज के विकास, युवाओं की सक्रिय भागीदारी, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और संगठन के विस्तार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन की पहुंच समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सुनिश्चित की जाएगी तथा सभी प्रखंडों और पंचायतों में संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।सदस्यों ने समाज के सक्षम लोगों से संगठन को सशक्त बनाने के लिए समय, सहयोग और अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक योगदान देने की भी अपील की। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी से ही सामाजिक विकास के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है। बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में एकता, भाईचारे और विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया गया।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# सिपाही (प्रचालक) भर्ती परीक्षा का अपर समाहर्ता ने किया निरीक्षण, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुई परीक्षा



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना के तत्वावधान में बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) पद पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा रविवार को नालंदा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। इस दौरान नालंदा के अपर समा. हर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित सभी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के साथ–साथ अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान सीडीपी. ओ सदर–2 भी उपस्थित रहे।

# हरनौत – माधोपुर–सबनहुआ गांव में बंद घर से 51.50 लाख की हुई चोरी अज्ञात चोरों ने 8 ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया, जांच में जुटी पुलिस



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र में एक बंद घर से बीती रात लगभग 51.50 लाख रुपये के जेवरात और नकदी की चोरी हो गई। घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं थे। घटना हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के माधोपुर–सबनहुआ गांव का है। वहीं मकान मालिक अवधेन्द्र सिंह ने रविवार को बताया कि घर में ताला लगाकर घर के सभी सदस्य अपने बुआ के घर कल्याण बिगहा गांव में शादी समारोह में शामिल होने चले गए थे। देर रात को जब वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि दो कमरों सहित अन्य स्थानों के कुल आठ ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोरी की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी अवधेन्द्र सिंह के पुत्र सोमनाथ कुमार और शिक्षक रवि कुमार ने बताया कि चोरों ने अटैची, पेटी, संदूक, गोदरेज और बक्से तोड़कर सोने–चांदी के आभूषण और नकदी चुरा कर फरार हो गया। चोरी के बाद सारा सामान इधर,उधर कर छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात, जिनमें गले का हार, चेन, अंगूठी, कान बाली, सेट, झुमका, टिका, बलिया और पायल शामिल हैं, जो चोरी हो गए। इसके अतिरिक्त, करीब 1.50 लाख रुपये नकद भी गायब हैं। वही घटना के संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया है।

# मन की बात कार्यक्रम सीधे जनता को प्रधानमंत्री से जोड़ता है : अमरेश कुमार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का प्रसारण रविवार को बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार के सोहसराय स्थित कार्यालय (बूथ संख्या–172) में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा बिहारशरीफ नगर उत्तरी के अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सीधे देश की जनता को अपने प्रधानमंत्री से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह देशवासियों में राष्ट्रसेवा एवं समाजसेवा की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से मन की बात सुनने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय विरासत, विज्ञान एवं संस्कृति के समन्वय, उत्तर प्रदेश की तमसा नदी के पुनरोद्धार तथा समाजसेवा से जुड़े विभिन्न प्रेरक विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने शास्त्रार्थ की परंपरा को पुनर्जीवित किया है और आज भी दुनिया के अनेक देशों के छात्र वहां अध्ययन कर रहे हैं, जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रतीक है।प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की सराहना करते हुए अधिका. धिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय भाषाओं, संस्कृति और विरासत पर गर्व करने का संदेश देते हुए कहा कि षविज्ञान और विरासत का मेल ही भारत को आगे ले जाएगा। इसके साथ ही आजमगढ़ की तमसा नदी के पुनरोद्धार तथा पश्चिम बंगाल के विवेकानंद लोकशिक्षा निकेतन जैसी संस्थाओं के निस्वार्थ सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने देशवासियों से नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि शिवम् राज ने कहा कि विधायक डॉ. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने की परंपरा लगातार जारी है, जिसका सकारात्मक प्रभाव समाज में देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि शिवम् राज, नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, नगर महामंत्री मनोज कुमार, नगर उपाध्यक्ष सर्वोत्तम कुमार, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष राजकमल पासवान, रीतेश कुमार वर्मा, राजेश चंद्र दीपक, राजदीप कुमार, गुलशन कुमार, आदित्य राज, राजीव कुमार, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नालंदा में सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न 16,414 में 7,502 अभ्यर्थी हुए शामिल

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना की विज्ञापन संख्या–02/2026 के तहत आयोजित सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा रविवार को नालंदा जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा जारी खैरियत प्रतिवेदन के अनुसार परीक्षा के लिए कुल 16,414 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। इनमें से 7,502 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 8,912 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित नहीं किया गया। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन कराया गया।

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे, जिससे परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रमुख परीक्षा केंद्रों में नेशनल उच्च विद्यालय शेखाना, बिहार टाउन प्लस–2 उच्च विद्यालय, सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैंसासुर, पीएमएस कॉलेज पहड़पुरा, एसपीएम कॉलेज उदंतपुरी, आरपीएस स्कूल, सोगरा हाई स्कूल, सनबीम सेंट्रल स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, केएसटी कॉलेज, देवशरण विमेंस कॉलेज, रोजमैरीलैंड स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल सहित कुल 23 परीक्षा केंद्र शामिल थे। जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं कदाच. ारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई तथा किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।






# बिहारशरीफ में पल्स पोलियो अभियान शुरू, घर–घर जाकर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रविवार को बिहारशरीफ शहर में व्यापक स्तर पर पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लहेरी थाना स्थित डॉ. विपिन कुमार सिन्हा के क्लीनिक को सब–डिपो बनाया गया, जहां से वैक्सीनेटरों एवं सुपरवाइजरों की टीम को दवा उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया। अभियान के दौरान 8 सुपरवाइजरों की निगरानी में 10 सांख्यिकी कर्मियों एवं 354 वैक्सीनेटरों ने घर–घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाना रहा। इस अवसर पर जनजीवक संघ के महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने संघ के सदस्यों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनजीवक संघ पूर्व में भी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और




आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ सहयोग करता रहेगा।डिपो होल्डर के रूप में प्रेमलता जी मौजूद रहीं। उन्होंने वैक्सीनेटरों को पोलियो की दवा उपलब्ध कराई तथा सुपरवाइजरों को आवश्यक निर्देश देकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सके।

# नेहूसा और लोहरा पंचायत में 30 जून को लगेगा सहयोग शिविर

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी द्वारा मंगलवार को नेहूसा और लोहरा पंचायत में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड नाजिर अनिल कुमार ने बताया कि  हरनौत प्रखंड क्षेत्र के लोहारा पंचायत में 30 जून मंगलवार के दिन सुबह 10 बजे से और नेहुसा पंचायत में दोपहर 2 बजे से सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को लेकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा जगह को चिन्हित कर लिया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार नेबताया कि इन शिविरों में विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में वरीय अधिकारी के रूप में नालंदा के डीडीसी मौजूद रहेंगे। वे लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। शिविर के माध्यम से आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी

# राजन साहू हत्याकांड के विरोध में निकली आक्रोश पदयात्रा, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** अपराधियों द्वारा अति पिछड़ा समाज के युवक राजन साहू की कथित रूप से पीट–पीटकर की गई हत्या के विरोध में रविवार को साहू परिवार एवं वैश्य एकता मंच के बैनर तले आक्रोश पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा सहोखर से प्रारंभ होकर सोहडीह स्थित पीड़ित परिवार के आवास तक पहुँची। पदयात्रा में शामिल लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान की। इस दौरान समाज के नेता अनिल कुमार अकेला ने नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी से बातचीत कर मामले में शामिल सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल सोहसराय थाना पहुँचा, जहां थाना प्रभारी से मुलाकात कर मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई।वैश्य एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि दोषियों के विरुद्ध जल्द कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन आगे भी जारी रखेगा। आक्रोश पदयात्रा में मुख्य रूप से अवधेश कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, विकास कुमार (लड्डू), अरुण सैनी, दिनेश केसरिया, विनोद बरनवाल, लाल बहादुर शास्त्री, शैलेंद्र कुमार, राजेश गुप्ता, उमेश जी उर्फ करू जी, उमेश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, चिंटू गुप्ता, शशि भूषण गुप्ता, प्रो. संजय बरनवाल, किशोर साहू, दिलीप कुमार एवं ओम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# हरनौत में 40 केंद्रों पर पल्स पोलियो अभियान शुरू, हड़ताल के कारण 56 जगहों पर बाधित, 31 हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का रविवार को शुभारंभ हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) डॉ. राजीव रंजन सिन्हा के निर्देशन में हरनौत बाजार के नियामतपुर मुहल्ले के महादलित टोला से इस अभियान की शुरुआत की। बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया गया।इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी डॉ अनिरुद्ध कुमार,स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी,बीएमएंडई मनोज कुमार, डब्लूएचओ के ब्लॉक मॉनिटर भोला कुमार, बीसीएम प्रमीला रॉय सहित  कर्मचारी मौजूद रहे।एमओआईसी डॉ. सिन्हा ने बताया कि यह अभियान छह दिन तक चलेगा। 40 पोलियो बूथों पर पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। जबकि आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के हड़ताल के कारण 56 केंद्रों पर बाधित है। उन्होंने कहा कि 29 जून से 6 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक देंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। डॉ. सिन्हा के अनुसार प्रखंड में लगभग 31 हजार दो सौ बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। इसमें हाउस टु हाईस 96 टीम,11 ट्रांसिट टीम एवं 08 डीपो टीम बनाई गई हैं।

**पल्स पोलियो अभियान का किया बहिष्कार**

ज्ञात हो कि बीते 23 जून से प्रखंड के करीब




दो सौ आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।उनका कहना है कि लंबे समय से बकाया मानदेय और पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।दूसरी ओर रविवार 28 जून से शुरू हुए पल्स पोलियो अभियान में आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लेने से इनकार कर दिया है।प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि वे सरकार और स्वास्थ्य विभाग के बार–बार आश्वासन के बावजूद लंबे समय से अपने बकाया भुगतान का इंतजार कर रही हैं।ऐसे में जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी।उन्होंने कहा कि अभियान प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी सरकार और स्वास्थ्य विभाग की होगी। वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी ने कहा कि मार्च तक मानदेय मिल चुका है। मार्च के बाद सुबे में अश्विन पोर्टल ही नहीं खुला है।जिसके बजह से मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिला हरनौत,रहुई सहित तीन प्रखंड में कार्य बाधित है।यहां की आशा  कार्यकर्ता काम करने के लिए राजी है।मगर आशा फैसिलिटेटर के द्वारा बरगलाया एवं गुमराह किया जा रहा है। जिसके बजह से आशा कार्यकर्ता पल्स पोलियो अभियान में शामिल नहीं है।

# गोनावा पंचायत में मनाया गया पंचायत विकाश दिवस, पंचायत के विकास को लेकर की गई चर्चा



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहार सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के गोनावा पंचायत सरकार भवन में सुबह 11 बजे पंचायत के मुखिया अमरेश उपाध्याय की अध्यक्षता में पंचायत विकास दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया अमरेश उपाध्याय ने बताया कि पंचायत में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। ताकि पंचायत स्तर पर बेहतर विकास योजनाएं तैयार की जा सके। साथ ही 2025 एवं 26 के विकास कार्यों का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के विशेष थीम जैसे महिलाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जा सके। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं महिला के हित में जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं से महिलाओं को सीधा जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार,गोनावा उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर  भूषण प्रसाद सिंह, भाजपा कार्यकर्ता मुकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# हरनौत में नशा मुक्ति अभियान, जीविका दीदियों ने जगाई अलख 16 पंचायतों में नुक्कड़ नाटक,  प्रभात फेरी से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट  हरनौत (नालंदा)।** बिहार सरकार के मद्यनिषेध नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले ष्पंचायत विकास दिवसष एवं ष्सहयोग शिविरष के अवसर पर नालंदा जिले के जीविका हरनौत द्वारा एक व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड के सभी 16 पंचायतों में जीविका दीदियों, कर्मियों और सामुदायिक नेताओं ने एकजुट होकर मद्यनिषेध के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।इस विशेष अभियान के तहत हरनौत प्रखंड के सभी 138 ग्राम संगठनों  में मद्यनिषेध जागरूकता अभियान, भव्य प्रभात फेरी, हस्ताक्षर अभियान और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय के नेताओं और कैडरों ने ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले आर्थिक नुकसान, पारिवारिक कलह, मानसिक तनाव और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जागरूकता शिविरों में जीविका दीदियों द्वारा ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे अपने आस–पास या टोलों में हो रहे अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या सेवन पर कड़ी नजर रखें। ग्रामीणो को बताया गया कि वे इसकी शिकायत तुरंत सरकार द्वारा जारी टोल–फ्री नंबर पर दर्ज




कराएं। इसके साथ ही उन्हें आश्वस्त किया गया कि सूचना देने वाले किसी भी ग्रामीण का नाम, पता या मोबाइल नंबर पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा, ताकि वे बिना किसी डर के समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान दे सकें। इस महाभियान को सफल बनाने में जीवीका बीपीएम मो. आफताब आलम ने मुख्य भूमिका निभाई। उनके साथ सीसी विभा कुमारी, रेखा कुमारी, श्वेता रानी, रीना प्रसाद, नीजू कुमारी, सुलेखा कुमारी और बिंदु कुमारी ने अग्रिम पंक्ति में रहकर कमान संभाली । इस अवसर पर जीविका के विभिन्न संवर्गों के कैडर जैसे सीएम , बीके , एमबीके,सीएफ, बीआरपी, पीआरपी, पशु सखी, एमआरपी,सीएनआरपी के साथ–साथ सभी ग्राम संगठनों एवं सीएलएफ के पदाधिकारी और जीविका दीदियां भारी संख्या में उपस्थित रहीं । जीविका के इस सामूहिक प्रयास की पूरे प्रखंड में सराहना की जा रही है और इसे ग्रामीण समाज में एक बड़े सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

